दिनांक 14.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने जोन 01 के अंतर्गत वार्ड 69 एवं 70 में विशेष दस्ते के साथ डेंगू नियंत्रण हेतु 08 टीम बनाकर लार्वा के बचाव हेतु टेमीफांस, मलेरिया आयल, ब्लीचिंग, स्प्रे पम्प, अग्निशमन वाहन द्वारा बैक लाईन में छिड़काव कराया गया।

हूडको क्षेत्र के अंतर्गत कूलर की साफ–सफाई एवं कूलर व नालियों में दवाई का छिड़काव कराया गया। एमआईजी–1 796, 797, 795, 794, 560, 559, एमआईजी–2 332, 225, 329, 331, 266, 245, 260, 261, 806, 802, 801, एचआईजी में 55 से 88 तक, एवं गणेश मंदिर के पास 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, मार्केट, में भी टेमीफांस, मलेरिया आयल, ब्लीचिंग, स्प्रे पम्प, अग्निशमन वाहन द्वारा बैक लाईन में छिड़काव कराया गया। साथ ही नालियों एवं घर–घर सर्वे कर कुलरों में भरे पानी को खाली निगम के कर्मचारियों द्वारा कराकर दवाई का छिड़काव एवं घरों में नम्बरिंग भी की गई। 32 बंगला के आवासों के बैक लाईन एवं सर्वेन्ट क्वाटरों में भी दवाई छिड़काव कराया गया। फ्लाई ओवर ब्रिज के बगल में गमला वाले एवं फुल पौधे रखकर व्यवसाय करने वाले दुकानों का भी निरीक्षण कर टेमीफांस का छिड़काव कराया गया।

निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद दिनेश यादव, सुलेखा खटी, जोन 01 के जोन आयुक्त, स्वच्छता पर्यवेक्षक बालकृष्ण नायडू, एवं निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05 अगस्त से 13 सितम्बर तक 118080 कूलर खाली कराये गये एवं 8935 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 139547 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 6954 स्थानों एवं 747 स्कूल, 577 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 929570 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 180186 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2387 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु होर्डिंग्स 204, कटआउट 1692 एवं फ्लैक्स 100, स्टैण्डिक होर्डिंग्स 75 विभिन्न क्षेत्रों में लगाया गया है। जन जागरुकता हेतु 06 एप्पे एवं 21 रिक्शों से डेंगू के बचाव हेतु प्रचार–प्रसार नियमित रुप से किया जा रहा है। अतिरिक्त 304 नग स्प्रे पम्प के माध्यम से कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी